# बस ऑपरेटर्स यूनियन ने किया नई परिवहन नीति का विरोध

## कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह। स्टेज केरिज बसों के संचालन बावत लाई जा रही नई दमनकारी नीति के विरुद्ध अनिश्चितकालीन हड़ताल के संबंध में दमोह जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव परिवहन और परिवहन आयुक्त को ज्ञापन देकर कहा कि 22 फरवरी को सागर में प्रदेश के समस्त बस मालिक व संगठन के प्रमुख पदाधिकारी के साथ नियत बैठक में विचार विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया है,कि स्टेज कैरिज बसों की संचालन बाबत लाई जा रही नई परिवहन नीति के कारण प्रदेश के समस्त बस मालिक आहत है,इसलिए हमारी सभी मांगे पूर्ण करें।**



अन्यथा समस्त बस व्यवसाय गण 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे.इस समस्या के निदान हेतु बस संचालकों द्वारा कई बार उचित व्यक्तियों के समक्ष निवेदन किया जा चुका है,परंतु कोई भी हल नहीं निकल सका है.हड़ताल से जनता को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार शासन प्रशासन स्वयं रहेगा.

### यह है मांगे.

24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में संशोधन का प्रारूप प्रकाशित किया गया है.उसे तत्काल समाप्त किया जाए. 29 जनवरी 26 को राजपत्र में किया गया संशोधन प्रकाशित किया गया,उसे पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए. बारात परमिट टैक्स 12 रुपए प्रतिशत किलोमीटर से बढ़ाकर 18 रुपया प्रति किलोमीटर कर दिया गया है जिसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है, ऐसे तत्काल वापस लिया जाए. दमोह जिले में एटीएस सेंटर ना होने के कारण फिटनेस के लिए वाहनों को जबलपुर जाना पड़ता है, इसे पूर्व अनुसार दमोह परिवहन कार्यालय में ऑनलाइन फिटनेस पुन: प्रारंभ कराया जाए. वैलिड डिवाइस रिचार्ज की गहन समस्या का समाधान अतिशीघ्र किया जाए. स्लीपर बसों में आठ दरवाजे व एक स्लीपर के केबिन गेट हटाने का विरोध दर्ज किया जाए.प्रदेश में बस बड़ी निर्माताओं के यहां से निर्मित नवीन बस वाड़ी का रजिस्ट्रेशन संपूर्ण मध्य प्रदेश में पूर्व अनुसार कराया जावे. वर्तमान में जिस व्यवस्था के साथ प्रदेश में बस संचालन किया जा रहा है उसे यथावत रखा जाए.

### दो मार्च से हड़ताल

2 मार्च से शुरू हो रही हड़ताल को लेकर दमोह बस यूनियन से राजा राय अध्यक्ष प्रतिनिधि,करन सिंह परिहार, बंटी राय, रिंकू खान, विक्की जैन, संजय जैन,मुन्ना जैन, धर्मेन्द्र ठाकुर, सुशील ठाकुर, अमित जैन,यश राय, पप्पू राय, महेंद्र जैन, गौरव राय,प्यूस राय, इत्यादि सभी बस आपरेटर्स ने ज्ञापन सौंपा.

# अंजनी बेलखेड़ी में गूंजी सामाजिक भागीदारी की हुंकार

## सम्राट अशोक क्रांति सेना ने किया नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत,दमोह।** जनपद के पथरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजनी बेलखेड़ी में 'सम्राट अशोक क्रांति सेना' के तत्वाधान में एक विशाल आम सभा व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहन कुशवाहा का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।सत्ता में भागीदारी पर जोर सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगेंद्र कुशवाहा ने समाज की एकता और शासन-सत्ता में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज राजनीतिक और सामाजिक रूप से संगठित नहीं होगा,तब तक अधिकारों की प्राप्ति संभव नहीं है ।नई कार्यकारिणी का गठन कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती के लिए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई,



जिसमें ऊर्जावान युवाओं और महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। युवा जिलाध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अमित कुशवाहा, सतीश कुशवाहा,ललित कुशवाहा मीडिया प्रभारी गोविंद कुशवाहा, जिला सचिव राजेंद्र लोधी,डॉ.राजेंद्र कुशवाहा, रामकिशन कुशवाहा महिला मोर्चा को मिली ।कमान महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देते हुए महिला इकाई का भी विस्तार किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना कुशवाहा,जिला कार्यकारी अध्यक्ष चाहत कुशवाहा, जिला सचिव कुमारी रीनू कुशवाहा प्रमुख उपस्थिति। इस अवसर पर जिला प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा,पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष शोभा कुशवाहा, जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण कुशवाहा,दमोह ब्लॉक अध्यक्ष रतन कुशवाहा,बटियागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बब्बू कुशवाहा सहित बलराम कुशवाहा,माखन कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा (एडवोकेट), और पुष्पेंद्र कुशवाहा (पूर्व जनपद सदस्य) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. गंगाराम कुशवाहा द्वारा किया गया।

# शहर के प्रमुख स्थानों पर शीघ्र ही लगाई जायेंगी आधुनिक लाइटें

- नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें : मलैया
- सागर-कटनी बाईपास स्थित मारूताल चौराहा पर हाईमास्क लाइट का पूजन कर शुभारंभ

**नवभारत,दमोह।** पूर्व वित्त मंत्री व दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सागर-कटनी बाईपास स्थित मारूताल चौराहा पर हाईमास्क लाइट का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस स्थान पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। विधायक श्री मलैया ने कहा कि मारूताल चौराहा एक प्रमुख यातायात मार्ग है, जहां रात्रि के समय प्रकाश की कमी के कारण लोगों को असुविधा होती थी। हाई मास्ट लाइट के प्रारंभ होने से क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी और दुर्घटनाओं की



संभावना भी कम होगी। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी शीघ्र ही इसी प्रकार की आधुनिक लाइटें स्थापित की जाएंगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, संजय सेन, मनीष तिवारी,राघवेंद्र सिंह परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की आधारशिला है : उपाध्याय

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का त्रैमासिक प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत,पथरिया 23 फरवरी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति द्वारा किशुनगंज सेक्टर में संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत किशुनगंज में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।** प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति प्रदान करना एवं समितियों की कार्यक्षमता को सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण में ग्राम किशुनगंज, सागोनी कलां, जोरतला, हिनौता घाट,सहित विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान ग्राम विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सामुदायिक सहभागिता सामाजिक दायित्वों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी




प्रदान की गई।

### सामाजिक परिवर्तन को सशक्त बनाने का प्रयास

जिला समन्वयक ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं।इनके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना संभव है। ग्राम विकास की गति को तेज करने एवं सामाजिक परिवर्तन को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है कि सभी समितियां नियमित साप्ताहिक बैठक आयोजित करें और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। बैठक केवल औपचारिकता न होकर ग्राम की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा, समाधान एवं कार्ययोजना निर्माण का माध्यम बने।

### समितियां सकारात्मक परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी है

विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने कहा कि समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, यदि समितियां संगठित एवं सक्रिय रूप से कार्य करें तो गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने कहा कि समितियों का नियमित प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि गांवों में विकास कार्य योजनाबद्ध,पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख तरीके से संचालित हो सकें। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपने-अपने ग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, सेक्टर प्रभारी घनश्याम पटेल, मुकेश पांडे, सुमन गुप्ता, हरिशंकर शुक्ला,उमा पटेल, भोलेपटेल, प्रीति पटेल,यशवंत पटेल, चंदन खरे, प्रभात सिंह,पूजा पटेल,सेवक प्रजापति, बसंत पटेल, संजय गुप्ता सहित समिति सदस्यों एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे सभी प्रतियोगियों की प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन बसंत पटेल द्वारा किया गया एवं अंत में आभार घनश्याम पटेल ने व्यक्त किया।




# चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान हेतु मुख्य पात्रों का चयन, घट शोभायात्रा मंडप आज

**नवभारत,दमोह ।** सकल जैन समाज द्वारा अष्टानिका महापर्व पर आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के आर्शीवाद से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में श्री 1008 चौबीस समोशरण श्री अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। नगर की उमा मिस्त्री की तलैया में 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन मंगलवार को घट शोभायात्रा मंडप शुद्धी सकलीकरण आदि क्रियाये संपंन होगी। विधान समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने बताया कि महामंडल विधान अवसर पर कार्यक्रम स्थल उमामिस्त्री की तलैया में भव्य पांडाल में 24 समोशरण की रचाना की गई है। सोमवार को मुनिश्री पदम सागर जी व क्षुल्लक तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में कार्यक्रम स्थल पर सर्व प्रथम आचार्यश्री पूजन संपंन हुई। इस अवसर पर ब्रम्हचारी दीपक भैया मोनू भैया स्वतंत्र भैया रोहित भैया गोलू भैया पंडित सुरेश शास्त्री आशीष अभिषेक शास्त्री के निर्देशन में बोलियों के माध्यम से मुख्य पात्रों का चयन किया गया। मुख्य सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्रिंस प्रिया जैन विजयनगर, भरत चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य रमेश जैन भिड़ा वाले परिवार एवं कुबेर इंद्र पदमचंद जैन खली परिवार आदि.

## एक नजर में

### आईटीआई दमोह के दो प्रशिक्षार्थियों का अग्निवीर टेक्नीशियन पद पर चयन




**नवभारत,दमोह।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) दमोह के लिए गौरव का विषय है कि इलेक्ट्रीशियन ट्रेड सत्र 2022-24 के दो प्रशिक्षार्थियों सत्यम चोबे पिता भगवानदास चोबे एवं निशांत चोबे पिता बबलू चोबे का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर टेक्नीशियन के पद पर हुआ है। दोनों चयनित युवा वर्तमान में सिकंदराबाद (तेलंगाना)में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात उन्होंने शासकीय आईटीआई दमोह से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में दो वर्षीय तकनीकी प्रशिक्षण लिया था। अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में तकनीकी योग्यता के आधार पर दोनों को बोनस अंक प्राप्त हुए,जिससे चयन प्रक्रिया में उन्हें महत्वपूर्ण लाभ मिला। शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा व दस्तावेज सत्यापन सहित सभी चरणों में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की ।इस उपलब्धि के पीछे दोनों प्रशिक्षार्थियों के माता-पिता का निरंतर प्रोत्साहन एवं अनुशासन महत्वपूर्ण रहा।



### एनएसएस छात्रा इकाई के सात दिवसीय शिविर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) शिविर के तीसरे दिन गोद ग्राम टीला, पथरिया में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत प्रात :काल योग सत्र से हुई, जिसका संचालन श्रीमती ज्योति पटेल द्वारा किया गया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य एवं अष्टांग योग और प्राणायाम के महत्व की जानकारी दी गई। इसके पश्चात छात्र व छात्रा यूनिट के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। छात्रा यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या शर्मा के मार्गदर्शन में सभी गतिविधियाँ संपन्न हुई। इसके पश्चात् बौद्धिक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में विशेषज्ञ डॉ. देवेश सर ने स्वरोजगार विषय पर,डॉ.सुधीर सर ने विद्यार्थियों के जीवन की समस्याओं पर तथा राहुल कुर्मी सर ने संचार कौशल पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में श्रीमती प्रियंका राजपूत मैम,श्रीमती रविता सिंह, डॉ सरिका अग्रवाल मैम का विशेष सहयोग रहा।

### मकान सूचीकरण व गणना का कार्य प्रथम दिवस का प्रशिक्षण



**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा। जनगणना कार्य को समय-सीमा में करने के लिये जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान सभाकक्ष दमोह में सम्पन्न हुआ। सांख्यकीय अन्वेषक जिला प्रभारी मोना चौहान एवं सांख्यकीय अन्वेषक सहायक जिला प्रभारी दीपिका कुमारी ने जिले के राजस्व अधिकारियों,जनगणना अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य कर रहे लिपिकों को प्रथम दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,जिला योजना अधिकारी अलका दास,जिला सूचना अधिकारी रहें।

# ध्वनि प्रदूषण न हो,देर रात नायब तहसीलदार और सब इंस्पेक्टर ने किया भ्रमण

**नवभारत,दमोह** .कलेक्टर श्री कोचर व पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में शहर और जिले भर में एमपी बोर्ड परीक्षा को लेकर एसडीएम आरएल बागरी और एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में आज दमोह शहर में नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन ने शहर के विभिन्न गार्डन, ध्वनि प्रदूषण वाले क्षेत्र और शहर के विभिन्न इलाकों में देर रात जाकर जायजा लिया. जहां कहीं भी ध्वनि प्रदूषण जैसी बात सामने नहीं आई.बता दें कि बच्चों के एग्जाम और अधिक ध्वनि को लेकर शांति समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा यह बात आई थी,जिसको लेकर नायब तहसीलदार और सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन ने भ्रमण किया।



# कौमी एकता की मिसाल : असाटी तिराहा के हिंदू भाइयों ने रखी इफ्तार पार्टी

**नवभारत,दमोह।** बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला में साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली.असाटी टिगाडा के हिंदू भाइयों द्वारा मुस्लिम समुदाय के सम्मान में भव्य रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया.इस आयोजन ने गांव की गलियों में आपसी प्रेम और एकता का सुंदर संदेश दिया.जानकारी के अनुसार, फुटेरा ग्रामवासियों की पहल पर आयोजित इस इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने रोज़ा खोला.सूर्यास्त के समय पारंपरिक तरीके से खजूर और पानी के साथ इफ्तार किया गया.कार्यक्रम के दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर रमजान की मुबारकबाद दी और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया.कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रमजान इस्लाम का पवित्र महीना है, जो इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है. इस महीने में रोज़ा रखने के साथ-साथ गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करने पर विशेष जोर दिया जाता है.उन्होंने कहा कि जो लोग गरीबों का ख्याल रखते हैं, अल्लाह भी उनका ख्याल रखता है.

# हॉस्टल में नहीं है फोन अलाऊ, लड़की के पास से अधीक्षक ने किया जब्त, थाने में दी सूचना

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** स्थानीय गर्ल्सहॉस्टल में मोबाइल रखना प्रतिबंधित है फिर भी हॉस्टल की लड़की मोबाइल रखकर बात करती थी. इस बात की जानकारी हॉस्टल अधीक्षक पूनम साहू को लगने पर लड़कियों से आईफोन जप्त कर लिया.तो विवाद हो गया जिस पर अधीक्षक ने तेंदूखेड़ा थाने में सूचना देकर मोबाइल जमा कर दिया और मोबाइल से बात करने वाली दोनों बालिकाओं को चेतावनी देकर कहा कि आगे से मोबाइल फोन तुम्हारे पास मिला तो छात्रावास से निकाल देंगे. वहीं जानकारी मिली कि उक्त फोन पूर्ण था और ग्राम केवलारी निवासी लड़के का होना पाया गया.पुलिस मामले की जांच करने की बात कह रही.वैसे तो यह छोटा मामला लगता है परंतु जिस प्रकार लड़कियां गायब हो रही है.अगर



मामले की गंभीरता को नहीं समझा गया, तो कभी भी गंभीर मामला घटित हो सकता है.इस संबंध में छात्रावास अधीक्षक का कहना था कि छात्रावास में लड़कियों का मोबाइल लाना प्रतिबंधित है फिर भी लड़की फोन छात्रावास में रखकर बात करती थी और मोबाइल लेने पर विवाद कर रही थी. इसलिए थाने में जाकर सूचना दी थी और बालिकाओं को चेतावनी देकर मोबाइल न रखने की हिदायत दी है.

# 1 मार्च से शस्त्र लाइसेंस हेतु केवल ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य : कलेक्टर

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले में 01 मार्च 2026 से शस्त्र लाइसेंस संबंधी नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इस नई प्रणाली के तहत अब शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे ।उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को नया शस्त्र, बंदूक अथवा अन्य हथियार लेना है और इसके लिए आवेदन करना है, तो उसे भारत सरकार द्वारा निर्धारित आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। संबंधित पोर्टल की लिंक जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा की जा रही है, जिससे आवेदकों को सुविधा मिल सके ।कलेक्टर श्री कोचर ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के पश्चात आवेदक को एक यूनिक फाइल नंबर प्राप्त होगा। उसी फाइल नंबर के साथ आवेदन का प्रिंटआउट निकालकर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार होगा.

## मजबूरी — किसी भी शासकीय योजना का लाभ सरपंच अनीता अठया को नहीं मिल पा रहा

# कुआंखेड़ा नायक की गरीब महिला के लिये सरपंची बनी जी का जंजाल

**नवभारत, हिण्डोरिया/दमोह.** एक ओर जहाँ पंचायती राज मे जिला, जनपद एवं पंचायतों के सदस्य,सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अपने कुछ ही समय के कार्यकाल में बेतहाशा अनर्गल कमाई कर शासन-प्रशासन को चूना लगा कर लाखों रुपया बारे-न्यारे कर आलीशान जीवन जी रहे हैं। ये मनचाहा रूपया खर्च कर ऊंचे-ऊंचे महलों मे रहते हुये लग्जरी गाड़ियो मे घूमते हुये दुनिया में ही स्वर्ग का आनन्द ले रहे हैं। वहीं इसी कलयुगी दुनिया मे एक अनुसूचित जाति की गरीब महिला सरपंच लकड़ी-पन्नी की झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रहकर जीवन निर्वाह करने विवश है। ज्ञात हुआ है कि उक्त गरीब महिला को वर्तमान मे शासन-प्रशासन की किसी योजना का लाभ नही दिया जा रहा है। उसके लिये एक तरह से सरपंची एक अभिशाप एवं जी का जंजाल बनी प्रतीत हो रही है। हम यहाँ बात कर रहे हैं दमोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुआँ खेड़ा नायक के





गाँव सेमरपटी मे बद से बदतर जिन्दगी जी रही वर्तमान सरपंच मीना बाई अठया की। सरपंच मीना बाई वर्तमान में लकड़ी-पन्नी से बनी अस्थायी झोपडी़ मे अपने सारे परिवार के दस सदस्यों के साथ नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। इनके दस सदस्यी परिवार मे पति, देवर, देवरानी, सास, ससुर एवं चार बच्चे शामिल हैं। ये सभी खाना बदोस लोगों की तरह एक झोपडी़ मे रहते हैं। बरसात के दिनों में हर साल सरपंच मीना बाई का परिवार या तो मायके रहने के लिये चला जाता है। या फिर दमोह मे किराये का मकान लेकर सावन का महीना गुजारता है। बरसात खत्म हो जाने पर पुन: वापिस अपने सेमरपटी गाँव रहने आ जाते हैं। मीना बाई एवं परिवार के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के लिये पूर्व मे कोशिश की थी। पर योजना का लाभ आज तक नही मिला। श्री खरे ने बताया कि आवास योजना का नियम है कि रजिस्ट्रेशन एवं सूचीकरण के आधार पर ही लाभ दिया जाये।

> सरपंच मीना बाई ने बताया की हमारे यहाँ वर्तमान मे ना तो शासकीय शौचालय बन सका है। ना ही हमको उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर की सुविधा का ही लाभ ही मिल पाया है। साथ ही हमारे पास सस्ते दर से राशन सामग्री पाने के लिये ना तो खादयान्ह पर्ची है। ना ही सरपंच होने के चलते लाडली बहना योजना का लाभ ही मिल पा रहा है। मीना बाई ने बताया कि लोगों ने मुझे गुमराह कर बताया गया है कि सरपंच को इस योजना का लाभ नही मिल सकता है। सरपंच के ससुर नाथूराम ने बताया कि पीएम आवास योजना के लिये हमने भी कोशिश की। मगर आवास योजना का लाभ नही मिल पाया। फोन पर बात करने पर वर्तमान सचिव कमलेश खरे ने बताया है कि सरपंच के परिवार के दो आवास योजना सम्बंधी आवेदनों की कार्यवाही की वर्तमान मे की गई है। कार्यवाही लम्बित है।



# इग्नू अध्ययन केंद्र के पुन: संचालन व परीक्षा केन्द्र बनाये जाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में इग्नू अध्ययन केंद्र को पुन: सक्रिय करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जबलपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ.सोमासी श्रीनिवास तथा उपनिदेशक डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने महाविद्यालय का दौरा किया ।दौरे के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन व अध्ययन केंद्र के लिए प्रस्तावित समन्वयक डॉ. कमल कुमार कोरी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में इग्नू अध्ययन केंद्र के पुन: संचालन की औपचारिक प्रक्रियाओं, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं पर विचार -विमर्श किया गया ।क्षेत्रीय निदेशक डॉ.श्रीनिवास ने बताया कि अध्ययन केंद्र के सक्रिय होने से दमोह एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विविध पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का सुलभ अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित स्नातक,स्नातकोत्तर,डिप्लोमा व प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की। बैठक में जून माह में आयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं, विद्यार्थियों के पंजीयन, अध्ययन सामग्री वितरण व ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने महाविद्यालय प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि अध्ययन केंद्र के पुन: संचालन से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा का लाभ मिलेगा।